जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्र0/जीविवि/परीक्षा–2/गोपनीय/2015/195 दिनांक. 03.12.2015

:– अधिसूचना–:

विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित स्नातक/स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर परीक्षा नवम्बर 2015 जो कि दिनांक 26 नवम्बर 2015 से प्रारंभ हो चुकी है। उक्त परीक्षाओं हेतु निम्न परीक्षा केन्द्र विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित किये गये थे।

1. एम0जी0एम0 महाविद्यालय मुरैना
2. नाथूराम महाविद्यालय मेहगॉव जिला भिण्ड
3. भगत उदय सिंह महाविद्यालय पचेरा जिला भिण्ड

उक्त परीक्षा केन्द्रों पर मध्यप्रदेश शासन के अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण किये जाने के उपरांत शासन के अधिकारियों द्वारा प्रतिवेदन प्रस्तुत कर यह अवगत कराया गया कि उक्त दर्शाये गये परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षार्थियों हेतु बैठने की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है, साथ ही सामूहिक नकल जैसे हालात देखने को मिल रहे है।

शासन के अधिकारियों द्वारा उक्त तीनों परीक्षा केन्दों को तत्काल प्रभाव से निरस्त किये जाने की अनुशंसा की गई है।

मध्यप्रदेश शासन के अधिकारियों की अनुशंसा के आधार पर उक्त परीक्षा केन्द्र तत्काल प्रभाव से निरस्त किये जाते है।

उक्त परीक्षा केन्दों पर स्थित महाविद्यालयों को किसी अन्य परीक्षा केन्द्र पर परीक्षायें कराये जाने हेतु अधिसूचना के माध्यम से जल्द ही सूचित किया जावेगा।

आदेशानुसार

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः–

1. प्राचार्य, भगत उदय सिहं महाविद्यालय पचेरा भिण्ड
2. प्राचार्य नाथूराम इन्स्टीट्यूट एण्ड मेनेजमेंट मेहगॉव भिण्ड
3. एम0जी0एम0 महाविद्यालय मुरैना
4. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर
5. कुलसचिव के निज सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर।
6. जिलाधीश महोदय, जिला भिण्ड की ओर सूचनार्थ।
7. जिलाधीश महोदय, जिला मुरैना, की ओर सूचनार्थ।

उप–कुलसचिव

(परीक्षा)